हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, रविवार 1 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 32.9 डिग्री
न्यूनतम 12.8 डिग्री



12 सीबीएसई परीक्षा: विद्यार्थी बोले- आसान था पेपर....



12 सांपला-खरखौदा मार्ग पर अब नहीं लगेगा जाम


# BACHPAN PLAY SCHOOL
*In Collaboration with*
## Aakashdeep Duhan Science Institute
## It's Society of Duhan Public School, Jassia

Bachpan
## ADMISSIONS OPEN
Play • Nursery • LKG • UKG

### भारत हुड्डा का NDA SSB में हुआ Qualified 2026







दुहन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने जेईई परीक्षा 2026 में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन
तनमय गौर ने सामान्य वर्ग में 95.68 तथा अनुज लाठवाल ने सामान्य-ईडब्ल्यूएस वर्ग में 94.859 परसेंटाइल प्राप्त की




दुहन पब्लिक स्कूल के 10वीं के विद्यार्थियों ने लियोनल ने ओलंपियाड 2026 में प्राप्त किया गोल्ड मेडल।

- Curriculum-mapped Interactive e-classes
- Cordial & Passionate Teachers
- State-of-the-art Infrastructure
- Safe & Secure Environment
- Appropriate Teacher-Student Ratio
- Effective Parent-School Communication
- Wide range of Speaking books at all level

1200+ Schools Nationwide
360 Degree App • Speak-O-Books & Pen • Virtual Reality Education • Robotics Lab • E-Classrooms

Basant Vihar, Gali No.1, Sheela Bye Pass, Sonipat Road, Rohtak

Kyunki bachpan sirf ek baar aata hai
www.bachpanglobal.com

In Duhan Vatika Basantvihar
Admission from 1st to 5th also

### IIT/JEE ADVANCED 2024 में दुहन पब्लिक रेजिडेंशियल स्कूल के चार बच्चों ने मारी बाजी
### IIT/JEE MAINS QUALIFIED 2024 आकाशदीप दुहन साइंस इंस्टीटयूट के 16 छात्रों में से 15 ने क्वालिफाइड किया

### NEET/JEE SELECTION 2025 IN GOVT. MEDICAL COLLEGE




LAVANYA SAINI
Agartala Govt. Medical College, Agartala, Kunjaban, Agartala, Tripura West, Tripura
Rank : 22744 NEET SCORE -532

SACHIN
(Artificial Intelligence)
IIT GUHATI-2025

TANNU NAIN
COLLEGE - PGIMS, ROHTAK MBBS
Rank : 5704

VIR HOODA 94% | ANKUR 96% | ASHIYA 97.5%

### IIT JEE ADVANCE 2024



ANSH DUHAN
S/o Dr. Ashok Duhan Sir
Rank : 11002

RISHABH
With Dr. Ashok Duhan Sir
CRL : 17548, OBC_NCL:4315

YASH LAMBA
With Dr. Ashok Duhan Sir
CRL : 11852



YURAJ VERMA
With Dr. Ashok Duhan Sir
Score : 660/720 Rank : 21714

### NEET/NDA SELECTION 2024 IN MEDICAL COLLEGE



ANSH DUHAN S/O DR. ASHOK DUHAN NEET - 2024 (MBBS)

SUHANI DUHAN D/O DR. ASHOK DUHAN NEET - 2024 (MBBS)

SANJEET BHARDWAJ NEET - 2024, Rank-5028 Marks : 685/720

JAI KAUSHIK NDA - 2024 SSB QUALIFIED



ARYAN MALIK IMUCAT-2024 MARCHANT NAVY

ANKITA NEET - 2024 (MBBS) Marks : 501/720 (SC-A)

SAGAR JOIN : VETERINARY SURGEON (2024)



Rohit
Superintendent
VPO. DHAMAR
Batch - 2020
Department : CBSE
Current Posting : CBSE Regional Office, Chennai

**DR. ASHOK DUHAN**
M.Sc., M.Ed., Ph.D. (Math)
Lecturer in Math (Exp. 18 Years)
(Ex. Lecturer in Jat Institution, Rohtak)
Mob.: 9416148363, 9996059603

**DR. SUNITA DUHAN**
HOD Chemistry Maharani Kishori Jat Kanya Mahavidyalaya, Rohtak
Ex-Scientist FSL Madhuban Karnal
Mob.: 93507 84933

PRINCIPAL
**MRS. ANU RANA**
26 Yrs Exp. From Jat Institution
Mob.: 9896205969

SECRETARY
**SANTOSH MALIK**
Mob.: 9253183528

CENTRE HEAD
**SANJAY DUHAN**
KATH MANDI, ROHTAK
Mob.: 9466903708

**Jassia, Gohana Road, Rohtak**
E-mail : duhanpublicschool2@gmail.com

# सीबीएसई परीक्षाः विद्यार्थी बोले- आसान था पेपर केमिकल काइनेटिक्स से जुड़े प्रश्न थे ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। परीक्षा देकर बाहर आते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

सीबीएसई की ओर से 12वीं केमिस्ट्री (रसायन विज्ञान) विषय के पेपर में ऑर्गेनिक केमिस्ट्री के प्रश्नों ने विद्यार्थियों के अंक बढ़ाने में मदद की। केमिस्ट्री का पेपर देकर परीक्षा केंद्रों से दोपहर 1:30 बजे बाहर आए विद्यार्थियों ने पेपर को खूब सराहा। सीबीएसई परीक्षा केंद्रों पर शनिवार को केमिस्ट्री विषय की परीक्षा हुई है। जिले के 24 परीक्षा केंद्रों पर विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। विद्यार्थियों ने कहा कि परीक्षा में पेपर एनसीईआरटी से आया हुआ था। इस बार ज्यादा कठिन और घुमा-फिराकर प्रश्न नहीं दिए गए थे। विद्यार्थियों ने केमिस्ट्री में 70 अंकों प्राप्त करने के लिए प्रश्नों का उत्तर दिया। फिजिकल केमिस्ट्री से केमिकल काइनेटिक्स विषय से जुड़े अधिक प्रश्न आए हुए थे जबकि एल्डिहाइड व बायोमोलेक्यूल से भी प्रश्न पूछे गए थे।

### समय से पहले हुआ पेपर



केमिस्ट्री का पेपर था। पेपर बहुत अच्छा हुआ है। लगभग 70 अंक आ जाएंगे। सभी प्रश्न एनसीईआरटी से आए हुए थे। पेपर समय से पहले हो गया था। -तुषार, छात्र

### न्यूमेरिकल थोड़े टफ थे



केमिस्ट्री का पेपर था। मुझे न्यूमेरिकल थोड़े टफ लगे। वैसे अच्छा हुआ है। न्यूमेरिकल पहली यूनिट से पूछे गए थे। 50 से ज्यादा अंक आ जाएंगे। -हर्षित, छात्र

### ज्यादा कठिन नहीं थे प्रश्न



इस बार ज्यादा कठिन और घुमा-फिराकर प्रश्न नहीं दिए गए थे। फिजिक्स का पेपर थोड़ा मुश्किल आया हुआ था, लेकिन केमिस्ट्री का पेपर तो बहुत आसान आया हुआ था। -मयंक, छात्र

### बहुत अच्छा हुआ पेपर



पेपर बहुत अच्छा हुआ है। एनसीईआरटी से प्रश्न आए हुए थे। ऑर्गेनिक केमिस्ट्री के प्रश्न ज्यादा आए हुए थे। 60 से ज्यादा अंक आ जाएंगे। -निधि, छात्रा

# एचबीएसई परीक्षाः 9561 बच्चों ने दिया हिंदी का पेपर, 97 विद्यार्थी अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। परीक्षा केंद्र से बाहर आते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं की हिन्दी की परीक्षा आयोजित की गई है। जिले के विभिन्न केंद्रों का जिला स्तरीय फ्लाइंग टीम ने निरीक्षण किया है, लेकिन सभी केंद्रों पर शांतिपूर्वक परीक्षा आयोजित होती हुई मिली, 81 परीक्षार्थी प्रविष्ट हुए। 45 केंद्रों पर परीक्षा में 9658 विद्यार्थियों में से 9561 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 97 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे है। जिले के सभी केंद्रों पर दोपहर 12:30 बजे से लेकर दोपहर 3.30 बजे तक परीक्षा आयोजित की गई है। इस बार विद्यार्थियों को स्कूल की ड्रेस के साथ ही विद्यालय का आईडी कार्ड या आधार कार्ड लाना अनिवार्य किया गया है। इसके लिए सभी सेंटरों पर चेंकिग के बाद ही एंट्री दी जा रही है। वहीं परीक्षा केंद्र पर इलेक्ट्रानिक्स सामान जैसे मोबाइल, कैलकुलेटर, स्मार्ट वाच आदि का प्रयोग नहीं करने के आदेश दिए गए है। किसी भी परीक्षार्थी को इलेक्ट्रानिक्स डिवाइस लेकर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। इसके लिए जिले के सभी स्कूलों में तीन लेयर की चेंकिग की जा रही है।

### व्याकरण ज्यादा आई



हिंदी में व्याकरण के प्रश्न अधिक पूछे गए थे। पेपर में निबंध और पत्र भी करके आया हूं। प्रश्नों को हल करने में काफी सफल मिली क्योंकि पाठ्यक्रम समयानुसार पूरा दोहराया था। -गौरव, छात्र।

### जरा भी संकोच नहीं था



पेपर में निबंध और पत्र भी दिए गए थे जिनका उत्तर देने में कोई संकोच नहीं हुई है। लेखक मन्नू भंडारी का जीवन परिचय आया हुआ था जो 5 अंकों को दिया गया था। -तुषार, छात्र।

10 मीटर से बढ़ाकर 14 मीटर की जाएगी सड़क की चौड़ाई, पीडब्ल्यूडी ने तैयार किया एस्टीमेट

# सांपला-खरखौदा मार्ग पर अब नहीं लगेगा जाम

## 23 करोड़ की लागत से सुधरेगी यातायात व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



सांपला से खरखौदा तक रोजाना सफर करने वाले हजारों वाहन चालकों और स्थानीय निवासियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। लंबे समय से जाम और संकरी सड़क की समस्या झेल रहे लोगों को अब जल्द ही बेहतर और सुरक्षित मार्ग मिलने वाला है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने इस महत्वपूर्ण सड़क के चौड़ीकरण की योजना को अंतिम रूप दे दिया है और इसके लिए विस्तृत एस्टीमेट भी तैयार कर लिया गया है। करीब 23 करोड़ रुपये की लागत से इस परियोजना को अमलीजामा पहनाया जाएगा। वर्तमान में सड़क की चौड़ाई 10 मीटर है, जिसे बढ़ाकर 14 मीटर किया जाएगा। सड़क चौड़ी होने से जहां यातायात सुगम होगा, वहीं दुर्घटनाओं की आशंका भी कम होगी। यह सड़क क्षेत्र के लिए न केवल आवागमन का प्रमुख साधन है, बल्कि औद्योगिक, कृषि और व्यापारिक गतिविधियों के लिहाज से भी बेहद अहम मानी जाती है। सांपला, खरखौदा और आसपास के गांवों से रोजाना भारी संख्या में वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं।

संकरी सड़क होने के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनती है, वहीं तेज रफ्तार वाहनों के चलते हादसों का खतरा भी बना रहता है। चौड़ीकरण के बाद सड़क पर दोपहिया, कार, बस और भारी वाहनों के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध होगी। इससे वाहनों की आवाजाही पहले की तुलना में ज्यादा सुरक्षित और तेज हो सकेगी। खासकर सुबह और शाम के समय लगने वाले जाम से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा, सड़क चौड़ी होने से आपातकालीन सेवाओं जैसे एंबुलेंस और दमकल वाहनों को भी सुचारु रूप से निकलने में सुविधा मिलेगी। योजना के तहत सड़क की मौजूदा सतह को मजबूत किया जाएगा और नई परत डाली जाएगी। साथ ही जल निकासी की बेहतर व्यवस्था, कंधों का निर्माण और आवश्यक स्थानों पर सड़क सुरक्षा संकेतक भी लगाए जाएंगे। जहां जरूरत होगी, वहां नालियों और कलवर्ट का भी सुधार किया जाएगा, ताकि बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या न हो।

### एस्टीमेट तैयार होते ही मंजूरी के लिए भेजेंगे

एस्टीमेट तैयार होने के बाद अब इसे स्वीकृति के लिए उच्च स्तर पर भेजा जाएगा। मंजूरी मिलते ही टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी और उसके बाद निर्माण कार्य आरंभ होगा। विभाग का लक्ष्य है कि तय समयसीमा में सड़क चौड़ीकरण का कार्य पूरा किया जाए, ताकि लोगों को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके। -अरूण कुमार, कार्यकारी अभियंता, लोक निर्माण विभाग

### मांग होगी पूरी

स्थानीय लोगों का कहना है कि सांपला-खरखौदा सड़क लंबे समय से चौड़ीकरण की मांग कर रही थी। इस मार्ग पर स्कूल बसें, औद्योगिक इकाइयों से जुड़े वाहन और किसानों की ट्रैक्टर-ट्रॉलियां बड़ी संख्या में चलती हैं। संकरी सड़क के कारण ओवरटेक करना मुश्किल हो जाता है, जिससे हादसों की आशंका बनी रहती है। चौड़ीकरण से न केवल दुर्घटनाओं में कमी आएगी, बल्कि ईंधन की भी बचत होगी।

हरिभूमि पहल — मेरा शहर मेरी समस्या — बसंत विहार

बच्चों, बुजुर्गों को आने-जाने में आ रही परेशानी

# विहार करने लायक नहीं है बसंत विहार कॉलोनीः सीवर जाम की समस्या आम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- क्षेत्र की सीवरेज लाइनें सुपर सकर मशीन से खुलवाकर स्थायी समाधान की मांग उठाई

शहर की बसंत विहार कॉलोनी में बीते कई महीनों से सीवर जाम की गंभीर समस्या बनी हुई है। कॉलोनी की गलियों में सीवर का गंदा पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर फैल रहा है, जिससे आमजन का जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। हालात ऐसे हो गए हैं कि पैदल चलना तो दूर, दोपहिया व चारपहिया वाहनों का निकलना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि सुपर सकर मशीन से उनके क्षेत्र की सीवरेज लाइनें खुलवाई जाएं।

*हालात ऐसे कि पैदल चलना तो दूर, दोपहिया चार पहिया वाहनों का निकलना भी मुश्किल*



रोहतक। गली के सीवर से निकलता हुआ पानी। फोटो : हरिभूमि

### नियमित सफाई सुनिश्चित हो



राहुल ने बताया कि इस गली के सीवर अक्सर जाम रहते हैं। कर्मचारी सफाई करके जाते हैं और इसके बाद फिर सीवर जाम हो जाते हैं। विभाग को इसके लिए स्थायी समाधान करवाना चाहिए। कॉलोनीवासियों ने नगर निगम से मांग की है कि सीवर लाइन की पूरी तरह से जांच कर नई पाइपलाइन डाली जाए और नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को इस गंभीर समस्या से निजात मिल सके।

### घर के बाहर हर वक्त जमा रहता है गंदा पानी



कॉलोनी निवासी बलविंद्र ने बताया कि सीवर जाम के कारण गंदा पानी घरों के सामने जमा रहता है। बदबू के कारण घरों में रहना दूभर हो गया है। बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। स्कूल जाने वाले बच्चों को गंदे पानी से होकर निकलना पड़ता है, जिससे बीमारियों का खतरा बना हुआ है।

### जर्जर लाइनें बदले बिना नहीं होगा समाधान



बलजीत सैनी ने कहा कि सीवर की समस्या नई नहीं है। कई बार जन स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा अस्थायी तौर पर सफाई कर दी जाती है, लेकिन कुछ ही दिनों में फिर वही हालात बन जाते हैं। उनका आरोप है कि पुरानी और जर्जर सीवर लाइनें इस समस्या की मुख्य वजह हैं, जिन्हें बदले बिना समाधान संभव नहीं है।

### घरों में कैद होकर रह गए



स्थानीय निवासी टिंकू ने बताया कि बरसात के दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाती है। पानी भरने से गलियों में फिसलन हो जाती है, जिससे आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। बुजुर्गों और महिलाओं का घर से निकलना लगभग बंद हो गया है। उन्होंने कहा कि गंदे पानी की वजह से मच्छर पनप रहे हैं और डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

**मेरा शहर, मेरी समस्या कॉलम के जरिये आप भी रखें अपनी बात। अगर सेक्टर, गली-मोहल्ला, वार्ड, गांव और आसपास हैं समस्याओं से परेशान तो इस नंबर 9253681012 पर करें व्हाट्सएप। हम उठाएंगे आपका मुद्दा।**

# जनता के अधिकारों पर सरकार जवाब दे : बत्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- रोहतक की बुनियादी सुविधाओं पर विधानसभा में बत्रा ने उठाए सवाल
- खेल मंत्री बोले-स्टेडियम पर खर्च किए जाएंगे 8 .81 करोड़ रुपये

हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र में रोहतक के विधायक भारत भूषण बत्रा ने शहर से जुड़े ज्वलंत मुद्दों को उठाते हुए सरकार से जवाब मांगा है। बीबी बतरा ने राजीव गांधी खेल स्टेडियम की बदहाल सुविधाओं से लेकर इंदिरा मार्केट की जर्जर सड़क और सेक्टर-1, 2, 3 (पार्ट-4) व 14 में बरसाती पानी की निकासी तथा सफाई व्यवस्था पर सरकार से स्पष्ट जवाब मांगा। बत्रा ने कहा कि रोहतक प्रदेश का प्रमुख शहर है, लेकिन यहां के नागरिक आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा जनता ने हमें जिम्मेदारी दी है। शहर की समस्याओं को उठाना हमारा कर्तव्य है और उनका समाधान करना सरकार की जवाबदेही है।

### 112 एकड़ में है स्टेडियम

बीबी बत्रा ने 112 एकड़ में फैले राजीव गांधी खेल स्टेडियम की दुर्दशा पर पूछा कि क्या इसके नवीनीकरण व सौंदर्यीकरण पर 28 करोड़ खर्च करने का प्रस्ताव था और अब तक इस विषय में धरातल पर क्या कार्रवाई हुई।

### सेक्टरों में सफाई पर सख्त रुख

विधायक बीबी बत्रा ने सेक्टर-1, 2, 3 (पार्ट-4) और 14 में बरसाती पानी की निकासी बाधित होने और कचरे के ढेर लगने की शिकायतों को उठाते हुए कहा कि जलभराव से लोगों का जनजीवन प्रभावित होता है। विधायक ने कहा हर बारिश के बाद हालात बिगड़ जाते हैं। यह केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि जवाबदेही का अभाव है। नगर निगम और संबंधित विभागों को स्पष्ट समय सीमा के साथ काम करना चाहिए

# जीडी गोयनका की सुलेख स्पर्धा में हीरत व ध्रुव प्रथम

- 175 विद्यार्थियों ने दिखाई लेखन प्रतिभा, विजेताओं को नकद पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



सनसिटी सेक्टर-36 स्थित जीडी गोयनका टॉडलर हाउस द्वारा टाइटल स्पॉन्सर एलपीएस तथा सह-आयोजक जॉनवेस्ले कॉवेंट स्कूल के सहयोग से अंतरविद्यालयी सुलेख (कैलीग्राफी) प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में रोहतक के विभिन्न विद्यालयों के 175 विद्यार्थियों ने भाग लेकर सुंदर एवं स्वच्छ लिखावट का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि के रूप में गैस्ट्रो विभागाध्यक्ष डॉ. प्रवीण मल्होत्रा तथा विशिष्ट अतिथि वार्ड-8 पार्षद अंजू सैनी उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता केजी से पांचवीं कक्षा तक दो वर्गों में आयोजित हुई। प्रथम वर्ग में हीरत ने पहला, सारा ने दूसरा और जानवी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। द्वितीय वर्ग में ध्रुव प्रथम, नव्या द्वितीय और ईशान तृतीय रहे। विजेताओं को क्रमशः 3100, 2100 और 1100 रुपये नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। अन्य प्रतिभागियों को मेडल व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# तपोभूमि जटेला धाम में फाल्गुन महोत्सव दुल्हंडी मेला 4 को



- दुल्हंडी मेले में उमड़ेंगे हजारों श्रद्धालु : महंत राजेंद्र दास महाराज

**रोहतक।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी तपोभूमि जटेला धाम में फाल्गुन महोत्सव दुल्हंडी मेला 4 मार्च को श्रद्धा और उल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा। मेले में देश के विभिन्न राज्यों से हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। यह जानकारी जटेला धाम के पीठाधीश्वर महंत श्री राजेंद्र दास महाराज ने दी। महंत राजेंद्र दास महाराज ने बताया कि 3 मार्च को प्रातः 10:00 बजे से स्वामी नितानंद महाराज की अमृतवाणी के अखंड पाठ का शुभारंभ होगा। इसके उपरांत 4 मार्च को प्रातः 9:00 बजे से सत्संग एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि महाराज नितानंद सेवा समिति द्वारा फाल्गुन महोत्सव की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आश्रम परिसर में विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं, ताकि दूर-दराज से आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। महंत राजेंद्र दास महाराज ने कहा कि तपोभूमि जटेला धाम आश्रम देशभर के लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। वर्तमान समय में स्वामी नितानंद महाराज की अमृतवाणी समाज को आध्यात्मिक दिशा प्रदान कर रही है और लोगों को सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा दे रही है। उन्होंने बताया कि आश्रम द्वारा अध्यात्म, योग और आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी विशेष अभियान चलाया जा रहा है। निर्धारित समयावधि में एक लाख आठ हजार पौधे लगाने का संकल्प लिया गया है, जिसके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण की अलख जगाई जा रही है।



### पठानिया सुपर किंग्स का भव्य इंडक्शन समारोह

**रोहतक।** पठानिया पब्लिक स्कूल में विद्यालय की प्रतिष्ठित टीम "पठानिया सुपर किंग्स" के इंडक्शन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय की खेल यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ, जिसमें अनुशासन, एकता और उत्कृष्ट प्रदर्शन के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता स्पष्ट दिखाई दी। समारोह का आयोजन विद्यालय के निदेशक एवं टीम के प्राउड ऑनर अंशुल पठानिया के नेतृत्व में हुआ। उनके प्रेरणादायी मार्गदर्शन ने खिलाड़ियों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचने का संकल्प दिया। मंच संचालन सुनीता वर्मा, रश्मि राहा और कनिका चुग ने प्रभावशाली ढंग से किया। टीम की कप्तानी मोनू तोमर और अमित राणा ने संभाली।



### जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में नन्हे-मुन्नों ने मनाई होली

**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में नर्सरी, केजी और यूकेजी के विद्यार्थियों के लिए जन्मदिन समारोह एवं होली महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जनवरी-फरवरी माह के बर्थडे किड्स अवनी, अगस्त्य, बानी, आरव, सचिव, संचित, कनिष्का, माही और वंशिका ने अपनी कक्षा अध्यापिकाओं व साथियों के साथ केक काटकर उत्सव का आनंद लिया। बच्चों ने "हैप्पी बर्थडे" गीत गाकर शुभकामनाएं दीं। प्राकृतिक गुलाल से सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल होली खेली। शिक्षिकाओं ने होली के सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। रंग-बिरंगी कैप और आकर्षक परिधानों में सजे बच्चे होली गीतों पर झूमते नजर आए।



### दुहन पब्लिक स्कूल में उत्साह से मनाया 'फल दिवस'

**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित दुहन पब्लिक स्कूल में शनिवार को 'फल दिवस' बड़े उत्साह और मौज-मस्ती के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का विषय था "फलों का मजाः सीखने का एक हेल्दी रास्ता", जिसका उद्देश्य बच्चों और अभिभावकों को दैनिक आहार में ताजे फलों को शामिल करने के लिए प्रेरित करना था। नर्सरी से तीसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने फलों पर आधारित कविताएं प्रस्तुत कीं और विभिन्न रंग-बिरंगे फलों की प्रदर्शनी लगाई। फ्रूट सलाद बनाने की प्रतियोगिता भी आकर्षण का केंद्र रही। डायरेक्टर डॉ. सुनीता दुहन ने संदेश दिया कि फल जंक फूड से बेहतर और स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं। प्राचार्या अनु राणा ने संतुलित आहार में फलों के महत्व पर जोर दिया।

कार्यक्रम — गरिमा और उत्साह के साथ मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित करना था कार्यक्रम का उद्देश्य

# बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर दिया महिला सशक्तिकरण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



- विज्ञान में लैंगिक समानता की जरूरत पर दिया जोर

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय अस्थल बोहर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस गरिमा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस वर्ष का विषय विज्ञान में महिलाएं : विकसित भारत की उत्प्रेरक" रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित करना और युवाओं को वैज्ञानिक सोच के लिए प्रेरित करना था। समारोह की शुरुआत सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन से हुई। डॉ. सोनिया और डॉ. मीनाक्षी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्राध्यापक, शोधार्थी और छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता प्रो. प्रवीण भट्ट, अध्यक्ष, भौतिकी विभाग ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विकसित भारत के निर्माण में महिला वैज्ञानिकों की भागीदारी अनिवार्य है। उन्होंने छात्राओं से अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में आगे आने का आह्वान किया। प्रो. सुनीता दहिया ने विज्ञान में लैंगिक समानता की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा, शोध और तकनीकी विकास में महिलाओं को समान अवसर मिलना चाहिए, तभी देश समग्र रूप से आगे बढ़ सकेगा।

### विद्यार्थी सम्मानित

डॉ. विकास भारद्वाज, अध्यक्ष, प्राणीशास्त्र विभाग ने विज्ञान में महिलाओं के ऐतिहासिक योगदान का उल्लेख करते हुए वैज्ञानिक रोसलिंड फ्रैंकलिन के कार्यों को याद किया। उन्होंने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की उपलब्धियां नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को प्रमाण-पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# मोरखेड़ी में ग्रामीणों से मांगी दाखिलों में मदद

**रोहतक।** सांपला ब्लॉक के मोरखेड़ी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नए दाखिला बढ़ाने के लिए शनिवार को ग्रामीणों के साथ बैठक का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीणों ने विद्यालय प्रबंधन को पूर्ण आश्वासन दिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि ग्रामवासियों के सहयोग से राजकीय विद्यालय में दाखिला के लिए अभियान चलाया जाएगा। बैठक में प्राचार्य सुदेश सांगवान ने शिक्षा के स्तर में सुधार लाने, बच्चों के सर्वांगीण विकास, विद्यालय में पूर्ण रूप से अनुशासन लागू करने व विभिन्न गतिविधियों को समयानुसार करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को गुणवत्ता शिक्षा प्रदान करना और उनका सर्वांगीण विकास करना है। ग्रामीणों ने विद्यालय के साथ सहयोग करने का आश्वासन दिया।

तापमान
अधिकतम 32.9 डिग्री
न्यूनतम 12.8 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, रविवार 1 मार्च 2026

### महारानी किशोरी जाट कन्या कॉलेज में होली महोत्सव मनाया गया

**रोहतक।** महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में होली महोत्सव मनाया गया। इस दौरान छात्राओं के साथ शिक्षकों ने भी होली मनाई है। सभी ने एक दूसरे को रंग लगाकर एक दूसरे को बधाई दी । इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रश्मि लोहचब ने कहा कि होली महोत्सव हमें समाज में समानता, सम्मान, भाईचारे और सहयोग से सशक्त राष्ट्र का निर्माण होता है।

### शहर में आज

- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे।
- गोयल क्रिकेट क्लब और बख्तावर क्रिकेट क्लब के बीच मैच
- मायना में होली सेलिब्रेशन को लेकर प्रेस वार्ता सुबह 11 बजे

## दोहा में आपात सायरन और दहशत का माहौल, मोबाइल पर मिल रहे इमरजेंसी अलर्ट

# युद्ध की आहट के बीच कतर में फंसे मायना गांव के काला बोले-फिलहाल सुरक्षित, लेकिन कभी बिगड़ सकते हैं हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मायना गांव के निवासी काला मायना, जो मर्चेंट नेवी से जुड़े कार्य के तहत खाड़ी देशों में कार्यरत हैं, इन दिनों कतर की राजधानी दोहा में तनावपूर्ण हालात का सामना कर रहे हैं। वे शुक्रवार को 20 दिन की छुट्टी पूरी कर दोबारा ड्यूटी पर लौटे थे, लेकिन क्षेत्र में बढ़ते सैन्य तनाव के बीच अब वहीं फंस गए हैं। छोटे भाई जोगेंद्र बाक्सिंग कोच ने बताया कि काला मायना ने वीडियो संदेश जारी कर बताया कि आसपास बार-बार धमाकों की आवाजें सुनाई



ऑयल एंड गैस फील्ड में 'रफनेक' पद पर तैनात काला 20 दिन की छुट्टी के बाद हाल ही में लौटे थे इयूटी पर

दे रही हैं और मोबाइल फोन पर लगातार इमरजेंसी सायरन अलर्ट मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि फिलहाल वे सुरक्षित हैं, लेकिन हालात अनिश्चित हैं और किसी भी समय स्थिति बिगड़ सकती है। काला मायना पिछले करीब 15 वर्षों से खाड़ी देशों में आना-जाना कर काम करते रहे हैं। पिछले तीन साल से वे कतर में नियमित रूप से कार्यरत हैं और 28-28 दिन के रोटेशन में ड्यूटी करते हैं। वर्तमान में वे ऑयल एंड गैस फील्ड में 'रफनेक' पद पर कार्य कर रहे हैं, जो तकनीकी और जोखिमपूर्ण जिम्मेदारी वाला काम है। उन्होंने बताया कि प्रशासन की ओर से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रहने और अनावश्यक बाहर न निकलने की सलाह दी गई है। शहर में एहतियातन सुरक्षा बढ़ा दी गई है और लोग दहशत के बीच स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।



आसमान में मिसाइल का धुंआ दिखता हुआ।

### परिवार कर रहा सुरक्षा की कामना

मायना गांव में उनका परिवार चिंता में है। काला मायना के एक बेटा और एक बेटी हैं। परिजन लगातार उनसे संपर्क में बने हुए हैं और उनकी सुरक्षित वापसी की दुआ कर रहे हैं। गांव के लोग भी उनके वीडियो संदेशों के जरिए हालात की जानकारी ले रहे हैं, लेकिन परिवार को किसी अनहोनी को लेकर चिंता सताए जा रही है। परिजन युद्ध रुकने का इंतजार कर रहे हैं।

### इजराइल-ईरान तनाव का असर खाड़ी देशों पर भी

पिछले कुछ दिनों से इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव की खबरें सामने आ रही हैं। क्षेत्रीय परिस्थितियों के कारण खाड़ी देशों में भी सतर्कता बढ़ा दी गई है। काला मायना ने बताया कि आम नागरिकों में भय का माहौल है और लोग आवश्यक वस्तुओं का प्रबंध कर सुरक्षित स्थानों पर रहने की कोशिश कर रहे हैं। फिलहाल कतर सरकार ने शांति और संयम बनाए रखने की अपील की है। मायना गांव सहित पूरे क्षेत्र के लोग काला मायना की सुरक्षित वापसी की कामना कर रहे हैं।

### खबर संक्षेप

#### युवक को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक देसी पिस्तौल और दो जिंदा रौंद बरामद किए गए हैं। पुलिस टीम निंदाना रोड, आउटर बाईपास के पास गश्त पर थी। इसी दौरान पैदल आ रहे एक युवक को संदेह के आधार पर काबू किया गया। पूछताछ में युवक की पहचान उतम पुत्र नरेंद्र निवासी फरमाना बादशाहपुर के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उसके पास से अवैध देसी पिस्तौल और दो रौंद बरामद हुए। आरोपी के खिलाफ थाना महम में शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

#### वंश ने अंडर-15 राष्ट्रीय कुश्ती चैम्पियनशिप में जीता सोना



**रोहतक।** अंडर-15 राष्ट्रीय कुश्ती चैम्पियनशिप में गांव समर गोपाल पुर जिला रोहतक के पहलवान वंश अहलावत ने फ्री स्टाइल कुश्ती के 44 किलो भार वर्ग मे अपने प्रदेश के लिए स्वर्ण पदक जीता है। यह प्रतियोगिता 26 फरवरी से 1 मार्च तक तमिलनाडु में आयोजित की जाएगी। पहलवान वंश अहलावत का यह राष्ट्रीय स्तर पर चौथा पदक है।

Happy Birth Day



इशिका खुराना
को जन्मदिन पर परिवार की तरफ से शुभकामनाएं

## बाबा कालीदास धाम में वारदात, भगवान को भी नहीं बख्शा

# महाकाल मंदिर से 2 किलो चांदी के नाग देवता चोरी

1. सांपला में मंदिर खुलने पर नागदेवता गायब मिले तो आश्रम प्रबंधन और श्रद्धालुओं में हड़कंप मच गया
2. सुरक्षा पर फिर उठे सवाल, लोग बोले, मंदिर में चौकीदार तैनात कर बढ़ाई जाए सुरक्षा व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सांपला ब्लॉक स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा कालीदास धाम के महाकाल मंदिर में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। मंदिर में स्थापित शिवलिंग पर विराजमान करीब दो किलो चांदी से बना नाग देवता अज्ञात चोर चुरा ले गए। सुबह मंदिर खुलने पर नागदेवता के गायब मिलने से आश्रम प्रबंधन और श्रद्धालुओं में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही सांपला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।



### फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट ने खंगाला घटनास्थल

पुलिस ने मौके पर फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट की टीम को बुलाया, जिसने मंदिर परिसर और शिवलिंग के आसपास के क्षेत्र से संभावित सुराग जुटाए। दरवाजों, ताले और अन्य संदिग्ध स्थानों की जांच की गई ताकि यह पता लगाया जा सके कि चोर किस रास्ते से अंदर दाखिल हुए। जांच अधिकारी अमित ने बताया कि घटनास्थल से कुछ अहम साक्ष्य एकत्र किए गए हैं, जिन्हें जांच के लिए भेजा जाएगा। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान की जा सके।

### सुबह धाम खोलने पर पता चला

मंदिर की देखरेख कर रहे लक्ष्मी घिमिरे ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पिछले 8-9 महीनों से धाम में मैनेजर के रूप में कार्यरत हैं और आश्रम की संपूर्ण व्यवस्था उनकी देखरेख में चलती है। उनके अनुसार, रात के समय मंदिर में सब कुछ सामान्य था और शिवलिंग पर चांदी का नागदेवता स्थापित था। सुबह लगभग 8 बजे जब वे रोजाना की तरह मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे, तो शिवलिंग पर रखा नागदेवता गायब मिले। पहले उन्होंने आश्रम परिसर में मौजूद लोगों से पूछताछ की, लेकिन किसी को भी इस बारे में कोई जानकारी नहीं थी। इसके बाद उन्होंने तुरंत आश्रम प्रमुख को घटना की सूचना दी।

### आश्रम प्रमुख ने पुलिस को दी जानकारी

घटना की जानकारी मिलते ही आश्रम प्रमुख ने पुलिस को सूचित करने के निर्देश दिए। सूचना पाकर सांपला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। चोरी की वारदात धार्मिक स्थल में होने के कारण पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया शुरू की।

### सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

धार्मिक स्थल में हुई इस चोरी ने सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि मंदिर परिसर में नियमित रूप से श्रद्धालु आते-जाते रहते हैं, ऐसे में सुरक्षा प्रबंधों को और सख्त किया जाना चाहिए। कुछ स्थानीय लोगों ने रात के समय अतिरिक्त चौकीदार तैनात करने की मांग भी की है।

### श्रद्धालुओं में बढ़ी नाराजगी

सांपला थाना पुलिस ने लक्ष्मी घिमिरे की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा। संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है और आसपास के क्षेत्र में भी जांच का दायरा बढ़ाया गया है। इस वारदात से जहां आश्रम प्रबंधन चिंतित है, वहीं श्रद्धालुओं में भी नाराजगी देखी जा रही है। धार्मिक आस्था से जुड़े इस मामले में पुलिस पर जल्द खुलासा करने का दबाव बढ़ गया है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि चोर अब मंदिरों को भी नहीं छोड़ रहे हैं।

### आरोपी को जल्द पकड़ लिया जाएगा

बाबा कालीदास आश्रम में चोरी की शिकायत मिली थी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मौके पर फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट को बुलाया गया। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को काबू कर लिया जाएगा। **-अमित, जांच अधिकारी, सांपला थाना**

## मकड़ौली टोल पर किसानों ने भरी हुंकार

# 10 को तहसीलों में ट्रैक्टर मार्च और 23 को दिल्ली कूच का किया ऐलान

***भाकियू अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी बोले-एमएसपी और किसान हितों के लिए आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मकड़ौली टोल प्लाजा पर आयोजित किसान सभा में भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने आंदोलन को नई दिशा देने का बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि 10 मार्च को प्रदेश की हर तहसील मुख्यालय पर ट्रैक्टर मार्च निकालकर सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया जाएगा। 23 मार्च को दिल्ली कूच कर संसद का घेराव किया जाएगा। मांगों को दोहराया। चढ़ूनी ने कहा कि देश की आर्थिक स्थिति चिंताजनक है। उनका दावा था कि करोड़ों लोगों के पास दो वक्त की रोटी की व्यवस्था नहीं है और बड़ी आबादी सरकारी राशन पर निर्भर है।

### पिछले आंदोलन के बाद भी कई मांगें लंबित

किसान नेता ने 23 मार्च को शहीद-ए-आजम भगत सिंह के शहीदी दिवस पर दिल्ली में बड़े प्रदर्शन का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई केवल एमएसपी की नहीं, बल्कि किसान के सम्मान और अधिकारों की है। पिछले आंदोलन के बाद भी कई मांगें लंबित हैं, जिनमें न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी प्रमुख है। सभा में उन्होंने कार्यकर्ताओं से अनुशासन बनाए रखने की अपील की।

### राजनीतिक व्यवस्था पर भी उठाए सवाल

किसान नेता ने मौजूदा राजनीतिक व्यवस्था की भी आलोचना की और कहा कि आम किसान और मजदूर की आवाज सत्ता के उच्च सदनों तक नहीं पहुंच पाती। उनका तर्क था कि नीति-निर्माण में ग्रामीण वर्ग की भागीदारी बढ़नी चाहिए, तभी संतुलित विकास संभव है। बड़ी संख्या में 10 और 23 मार्च के कार्यक्रमों में भाग लेने की अपील की। मकड़ौली टोल पर हुई इस बैठक के बाद क्षेत्र में आंदोलन की तैयारियां तेज हो गई हैं।

### बढ़ता कर्ज और आत्महत्याएं गंभीर विषय

सरकार की नीतियां आमजन और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के बजाय आश्रित बना रही हैं। भाकियू अध्यक्ष ने किसानों पर बढ़ते कर्ज और आत्महत्याओं को गंभीर संकट बताया। उन्होंने कहा कि खेती लगातार घाटे का सौदा बनती जा रही है। पहले पंचवर्षीय योजनाओं में कृषि पर बड़ा बजट खर्च होता था, जबकि अब कृषि क्षेत्र पर खर्च घट गया है। उनका कहना था कि यदि खेती को मजबूत नहीं किया गया तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर व्यापक असर पड़ेगा। उन्होंने सरकार पर किसानों की तुलना विकसित देशों से करने पर भी सवाल उठाए और कहा कि बिना समान संसाधन और समर्थन के ऐसी तुलना किसानों के लिए नुकसानदायक हो सकती है।

# फाल्गुन द्वादशी पर महिलाओं ने निकाली शोभायात्रा, झांकी ने मोहा

**रोहतक।** रोहतक जिले में सेवा और समर्पण एसोसिएशन की तरफ से शहर फाल्गुन द्वादशी के अवसर पर कलश यात्रा व शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शोभायात्रा के दौरान निकाली गई झांकिया शहरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी रही। सेवा और समर्पण एसोसिएशन की तरफ से निकाली शोभायात्रा व कलश यात्रा का शुभारंभ हुडा कॉम्प्लेक्स से किया गया, जो शहर का भ्रमण करते हुए काठ मंडी स्थित खाटू श्याम मंदिर पर संपन्न हुई। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की तरफ से भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।



**अघोरी की झांकी रही आकर्षण :** शोभायात्रा के दौरान कलाकारों द्वारा अघोरी की झांकी निकाली, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी। अघोरी की झांकी में पाउडर को उड़ाते हुए कलाकारों ने माहौल तैयार किया। वहीं मुंह से आग निकालते हुए कलाकारों ने सभी को आश्चर्य चकित कर दिया।

Top-in-Town रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

जय श्री बाला जी महाराज
SHRI BALA JI INSTITUTE OF PARAMEDICAL SCIENCE
DR. S.K. SAINI Director
AUTHORIZED ADMISSION CENTRE OF SUGUNA SCHOOL OF NURSING BANGLORE
BHUVAN SCHOOL OF NURSING, DR. K.T.V. BANGLORE
पिछले 25 वर्षों से लगातार जनसेवा में कार्यरत संस्थान।
सीमित सीटें। पहले आयें- पहले पायें छात्रावास सुविधा उपलब्ध
DIPLOMA IN G.N.M. (MIF)
योग्यता :- 12th किसी भी विषय में) अवधि :- 3½ वर्ष
कुल सीटें :- 60 दाखिला फीस - 25000/year
परीक्षा स्थान :- बैंगलोर
DIPLOMA IN PHARMACY
योग्यता:- 12th साईस अवधि:- 2 वर्ष सीटें :- 60
दाखिला फीस: 25000/- year परीक्षा स्थान :- बैंगलोर
नियमित कक्षायें ऑनलाईन व ऑफलाईन दोनों मोड़ में।
5000 Rs मासिक फीस देकर निश्चित सफलता के साथ कोर्स पूरा करें। आज ही अपने प्रमाष-पत्रों के साथ आकर मिले।
DR. S.K. SAINI (Director)
9254233221
रोहतक:- 41/29, चाणक्य पुरी, शीला सिनेमा के पीछे
बहादुरगढ़ :- पिल्लर नं. 851 के सामने, पुराना बराही रोड पर।
सोनीपत :- HDF C बैंक के सामने, छोटू राम चौक।

MANSAROVER HOSPITAL
MULTI SUPER SPECIALITY HOSPITAL
NEAR PNB BANK, OPP. VIKAS NAGAR, SONIPAT ROAD, ROHTAK, HARYANA
RECEPTION: 01262-253500, 9053005599, 9254302848
Latest MRI & Multi Slice CT SCAN
- Neuro Surgery
- General Medicine
- General Surgery
- Orthopedics
- ब्रेन, रीढ़ की हड्डियों का ईलाज
- दूरबीन द्वारा सभी बिमारियों के ऑपरेशन
- पेट, छाती से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज

फौजी भाईयों का इलाज
ECHS
- हरियाणा सरकार
- आयुष्मान भारत
- ESIC

के पैनल पर



DR. BALKISHAN GOEL
M.B.B.S, M.S, M.CH.
TRAUMA CENTRE, ICU & CRITICAL CARE
NEURO-ICU, GENERAL ICU, HOU (HIGH DEPENDANCY UNIT) जहर POISIONING CASE
24 HRS LAB/CAFE/PHARACY/AMBULANCE

**त्योहार** 3 मार्च की होली, 4 की धुलेंडी को लेकर बाजार सजे

## ग्राहकों का ध्यान त्वचा-हितैषी रंगों की ओर ज्यादा

# कार्टून थीम वाली वाटर गन आकर्षण का केंद्र बनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

3 मार्च को होली और 4 मार्च को दुल्हंडी के पर्व को लेकर शहर के बाजार रंगों से सराबोर हो उठे हैं। मुख्य बाजार, सब्जी मंडी रोड, किला रोड, रेलवे रोड व गोहाना रोड और कॉलोनियों के आसपास अस्थायी स्टॉल सज चुके हैं। दुकानों पर रंग-बिरंगी पिचकारियां, हर्बल गुलाल, अबीर, रंगीन टोपियां, मास्क और बच्चों के लिए कार्टून थीम वाले वाटर गन आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। व्यापारियों का कहना है कि इस बार ग्राहकों का रुझान सुरक्षित और त्वचा-हितैषी रंगों की ओर ज्यादा है।



### बाजारों में आई रोचक पिचकारी और गुलाल

बाजार में बच्चों के लिए टैंक वाली पिचकारी, बैकपैक गन, सुपरहीरो डिजाइन और एलईडी लाइट वाली पिचकारियां उपलब्ध हैं। युवाओं के बीच बड़े प्रेशर गन और मल्टी-नोजल पिचकारी की मांग बढ़ी है। वहीं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के लिए हर्बल व फूलों से बने गुलाल की खरीदारी हो रही है।

### मिठाइयों और सजावटी सामान की भी बहार

रंगों के साथ-साथ मिठाई की दुकानों पर गुझिया, मठरी, नमकीन और ठंडाई मिक्स की बिक्री बढ़ गई है। घरों की सजावट के लिए रंगोली स्टेंसिल, होली थीम के बैनर और पार्टी स्प्रे भी बिक रहे हैं। बेकरी दुकानों ने होली स्पेशल केक और कपकेक लॉन्च किए हैं, जिन पर रंग-बिरंगे डिजाइन बनाए गए हैं।

### सुरक्षा और ट्रैफिक प्रबंधन

भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने प्रमुख बाजारों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया है। सीसीटीवी निगरानी बढ़ाई गई है और ट्रैफिक डायवर्जन की व्यवस्था की गई है ताकि जाम की स्थिति न बने। दुकानदारों को ज्वलनशील रसायनों से दूर रहने की हिदायत दी गई है।

### ऑनलाइन खरीद का ट्रेंड

कई ग्राहक ऑनलाइन ऑर्डर के जरिए रंग और पिचकारी मंगवा रहे हैं, जबकि कॉलोनियों में थोक खरीद का चलन भी देखा जा रहा है। आरडब्ल्यूए और सामाजिक संगठनों ने सामूहिक होली मिलन कार्यक्रमों की तैयारियां तेज कर दी हैं।

### उत्साह के साथ जिम्मेदारी का संदेश

शहरवासियों में त्योहार को लेकर उत्साह चरम पर है, लेकिन साथ ही सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल होली मनाने का संदेश भी दिया जा रहा है। चिकित्सकों ने त्वचा और आंखों की सुरक्षा के लिए हर्बल रंगों के उपयोग, तेल लगाने और जरूरत पड़ने पर तुरंत चिकित्सकीय सलाह लेने की अपील की है।

#### सत्यवान हत्याकांड

## मुख्य आरोपी की तलाश में यूपी दिल्ली, उत्तराखंड में छापे, चार साजिशकर्ता गिरफ्तार

**रोहतक।** गांव खेड़ी साध निवासी प्रॉपर्टी डीलर सत्यवान हत्याकांड में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि इस मामले का मुख्य आरोपी प्रदीप अभी भी फरार है और उसकी तलाश में पुलिस लगातार यूपी, दिल्ली, उत्तराखंड में लगातार छापेमारी कर रही है। कई टीमों को अलग-अलग स्थानों पर दबिश के लिए लगाया गया है।

**लावारिस गाड़ी से खुला राज**

20 फरवरी को गांव खरावड़ के पास सत्यवान की गाड़ी संदिग्ध हालात में लावारिस मिली थी। गाड़ी के पास खून के धब्बे और गोलियों के खोल बरामद हुए थे, लेकिन मौके से कोई शव नहीं मिला था। इस घटना के बाद मामला और उलझ गया था। इसी बीच गैंगस्टर सुंदर काला ने फेसबुक पोस्ट के जरिए हत्या की जिम्मेदारी ली, जिसके बाद पुलिस ने जांच का दायरा और व्यापक कर दिया।

**सुराग से मिले आरोपी और शव**

फेसबुक पोस्ट और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने जांच तेज की। शुरुआती पूछताछ और मिले सबूतों के आधार पर दो आरोपियों मनीष (निवासी भाली) और मंजीत (निवासी बापोड़ा, जिला भिवानी) को 24 फरवरी को गिरफ्तार किया गया। उनकी निशानदेही पर सत्यवान का शव जेएलएन क्षेत्र से बरामद किया गया। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई जारी रखते हुए गांव खेड़ी साध निवासी सुशील पुत्र सुखबीर और अजय पुत्र जगदीश को भी काबू किया। पुलिस के अनुसार ये दोनों हत्या की साजिश में शामिल थे।

**मुख्य आरोपी अभी पकड़ से बाहर**

आईएमटी थाना पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है और मुख्य आरोपी प्रदीप को पकड़ने के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है।


UPTO 80% OFF
Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET
ON ALL MRP 6% OFF
1 KG SUGAR FREE
ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE
HOLI FESTIVE SALE
26 FEB - 10 MAR
FRESCA 1 LTR. FREE
ON SHOPPING OF ₹1999 & ABOVE
रंग, मिठास और प्यार, Elenta Mart से शॉपिंग बार-बार!
ROHTAK BAHADURGARH JHAJJAR SAMPLA GOHANA KARNAL SONIPAT HISAR BHIWANI
UPTO 50% OFF
PICHKARI - WATER BALLONS - GULAL - COLORS - ELECTRIC WATER GUN
HITKARY THANDAI
20% OFF ON MRP
FIT 4 DIET GUJIYA DESI GHEE
BUY 1 GET 1 FREE
LAHORI ZEERA ₹180
RAJDHANI BESAN 1KG ₹85
Fortune atta ( 10 kg ) ₹409
GM POHA(500G) BUY 1 GET 1 FREE
24 MANTRA ATTA 5KG BUY 1 GET 1 FREE
TATA TEA PREMIUM 1 KG ₹329
COCA / SPRITE/ FANTA / LIMCA 2LTR ₹69
MANGO SIP 1LTR BUY 1 GET 1 FREE
HURRICANE ENERGY DRINK (250 ml) BUY 1 GET 1 FREE
DEHAAT MAKHANA BUY 1 GET 1 FREE
LOOSE SUGAR 5 KG OUR PRICE ₹230
AASHIRVAAD ATTA 10KG OUR PRICE ₹439
BREGANO PASTA ALL VARIANTS BUY 1 GET 1 FREE
REAL JUICE 1 L 20% OFF ON MRP
HALDIRAM NAMKEEN 12.5% OFF ON MRP
MCCAIN 1.2KG BUY 1 GET 1 FREE
SATMOLA NAMKEEN BUY 1 GET 1 FREE
PATANJALI ATTA 10KG OUR PRICE ₹399
PREET LITE ₹309
FRESCA BUY 1 GET 3 FREE
UNIFIT MUESLI HONEY & STRAWBERRY BUY 1 GET 2 FREE
24 MANTRA MUSTARD OIL 1 LTR ML BUY 1 GET 1 FREE
RED BULL ₹95
MARVEL PREMIUM TEA 250GM / 1KG BUY 1 GET 1 FREE
Rohtak, Bus Stand
Bus Stand Rd, adjacent to D2M Hotel, near New, Vikas Nagar, Rohtak
Contact: +91-8199999480
Rohtak, Model Town
NEAR APEX HOSPITAL Model Town, Rohtak
Contact: +91-9350999480
Karnal
Meerut - Karnal Rd, near Devilal Park, Rajinder Nagar, Sector 14, Karnal
Contact: +91-90530 86555
Dighal
Sampla Beri Road, Dighal.
Contact: +91-7419202127
Bhiwani
Meham Gate, opposite Saini Juice, Bhiwani, Haryana.
Contact: +91 99960 31240
Sonipat
ITI Chowk, near Sai Mandir, Kabirpur, Sonipat, Haryana.
Contact: +91 90530 87555
Bahadurgarh
Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh.
Contact: +91-9992296899
Sampla
Elenta Mart,Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla.
Contact: +91-8930062800
Gohana
Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana.
Contact: +91-7419002626
Jhajjar
W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar.
Contact: +91-8750187531
Hisar
Tower Enclave, Jindal Chowk opposite HDFC Bank, Hisar
Contact: +91-9896938427
Zirakpur
Opera Garden Complex, Kishanpura (near Sector 20, Dhakoli)
Contact: +91-89300 79600
Offers and prices may vary from branch to branch.
PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.
FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart
Payment Accepted
*T & C. APPLY
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHERBESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.
*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.